राजकीय महाविद्यालय जुखाला बिलासपुर (हि०प्र) -174033

Phone and Fax 01978-286201, E-mail :principalgcjukhala@gmail.com Website : https://gcjukhal.ac.in/. Twitter :https://twitter.com/jukhalanss?t=vnvikrvuEKLgPZVi7kYufw&s=08

सीपीआर प्रशिक्षण अभियान

12 जुलाई 2025

राजकीय महाविद्यालय जुखाला में आज एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) देना सिखाया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना रोवर्स एवं रेंजर्स, तथा रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह जी ने की। इस अवसर पर होमगार्ड बटालियन के कमांडर श्री बाबूराम शर्मा जी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ. सिंह ने सीपीआर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह प्रक्रिया आपातकालीन स्थिति में हृदय एवं श्वसन क्रिया को पुनः सक्रिय करने में सहायक होती है, जिससे शरीर में रक्त और ऑक्सीजन का संचार बना रहता है। इसके पश्चात कमांडर बाबूराम शर्मा जी ने विद्यार्थियों को सीपीआर की महत्ता, प्रक्रिया एवं इसके व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि "हार्ट अटैक जैसी स्थितियां कहीं भी और कभी भी उत्पन्न हो सकती हैं, इसलिए हर नागरिक को सीपीआर की जानकारी होनी चाहिए।" उन्होंने अपनी टीम के साथ मिलकर विद्यार्थियों को प्रायोगिक प्रदर्शन के माध्यम से सीपीआर देना सिखाया। इस कार्यक्रम में कुल 78 स्वयंसेवक उपस्थित रहे, जिन्होंने उत्साहपूर्वक सीपीआर की प्रक्रिया को सीखा और अभ्यास किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण एवं गैर-शिक्षक कर्मचारी भी उपस्थित रहे।





Prog. Officer NSS
G. C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

Scanned with OKEN Scanner

सहायकाचार्य अमन शर्मा
एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी
राजकीय महाविद्यालय जुखाला

Prog. Officer NSS
G. C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय जुखाला

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H

Scanned with OKEN Scanner